DELHI INTERNATIONAL SCHOOL EDGE, SECTOR-18, DWARKA

Circular: DISE-PA71/Jan.02/86/2021-22 Date : 7th January, 2022

" मुंशीप्रेमचंद – सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ता सम्मान"
तृतीय चरण प्रतियोगिता हेतु (Final Round)
कक्षा वर्ग - 1 से 5वीं तक

"वाचन कौशल छात्रों में अभिव्यक्ति कौशल को निखारता है तथा इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है |"
काका कालेलकर

प्रिय अभिभावक गण ,

यात्रा के गंतव्य से ज्यादा पड़ाव और अनुभवों का अधिक मूल्य होता है | मुंशी प्रेमचंद प्रतियोगिता के प्रथम चरण तथा द्वितीय चरण की प्रतियोगिता में सभी छात्रों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया | सभी चयनित छात्रों ने भाषा सीखने सीखाने के सभी आयामों का सफल रूप से अर्जन करते हुए उनका निर्वाह किया | अत: हम प्रतियोगिता के तृतीय चरण के माध्यम से भाषा कौशल तथा इस सीखने सीखाने के सफर को उसके अंतिम तथा निर्णायक चरण की तरफ ले जाते हुए सभी चयनित छात्रों को मुंशी प्रेमचंद प्रतियोगिता के तृतीय चरण के लिए आमंत्रित करते हैं |

उक्त प्रतियोगिता का प्रायोजन छात्रों में वाचन कौशल का विकास करने के लिए किया जा रहा है तथा उनमें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का कौशल भी विकसित होता है | सभी चयनित छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाएगा |

<table>
<tr><th colspan="3">तृतीय चरण : अविचारित वक्तृत्व अर्थात् वाचन प्रतियोगिता (Extempore)</th></tr>
<tr><th colspan="2"></th><th>Details</th></tr>
<tr><td>दिन एवं दिनांक (Day & Date)</td><td>शुक्रवार, 28 जनवरी 2022</td><td rowspan="4">Extempore
• छात्रों को निर्धारित विषय प्रतियोगिता से 1 घंटा पूर्व प्रदर्शित किया जाएगा तथा विषय तैयार करने के लिए एक घंटे का समय दिया जाएगा |</td></tr>
<tr><td>समय (Time)</td><td>11:00 से 2:00 मध्यान</td></tr>
<tr><td>स्थान (Venue)</td><td>Microsoft Teams</td></tr>
<tr><td>समय अवधि (Duration)</td><td>2 मिनट</td></tr>
</table>

प्रतियोगिता के द्वितीय चरण संबंधित निर्देश :-

1) द्वितीय स्तर में चयनित छात्र ही प्रतियोगिता के तृतीय स्तर में भाग ले सकते हैं |
2) छात्रों को निर्धारित विषयों में से किसी एक विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त करने को कहा जाएगा | छात्रों को अपने विचार प्रकट करने के लिए दो मिनट का समय दिया जाएगा |
3) छात्र परिचय को समय सीमा में शामिल नहीं किया जाएगा |
4) निर्णायकगणों का निर्णय अंतिम माना जाएगा |
5) प्रतियोगियों का चयन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा : विषय स्पष्टीकरण , भाषा शुद्धता तथा उच्चारण , उचित हाव – भाव तथा आत्मविश्वास , भाषा – प्रयोग |

Gurjeet Kaur
Co Curricular Coordinator

Anubha Srivastava
Principal